# **कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला इन्दौर(म.प्र.)**

**फोन/फेक्स न. 0731–2537605, ई–मेल–dcourtind-mp@nic.in**

जा.क्र.-3844 दि. 11/05/24

## //**निविदा आमंत्रण सुचना**//

जिला एवं सत्र न्यायालय, इंदौर में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु लेखन सामग्री के क्रय बाबद् सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यापारी/विक्रेता/निर्माता अपनी निविदायें सीलबंद कर पूर्ण जानकारी सहित जिला एवं सत्र न्यायालय इंदौर में दिनांक 31.05.2024 को सायं 05:00 बजे तक आवक जावक शाखा में जमा कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 01.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे निविदा समिति के समक्ष निविदाकर्ता/प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। निविदायें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इदौर के नाम से प्रस्तुत की जावेगी। निविदा की शर्ते एवं सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की वेबसाइट www.mphc.gov.in जिला न्यायालय इंदौर की वेबसाइट www.districts.ecourts.gov.in/indore पर भी उपलब्ध है, जहां से निविदा प्रारूप एवं शर्ते डाउनलोड की जा सकती है।

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला इंदौर(म.प्र.)

# <u>कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला इन्दौर(म.प्र.)</u>

फोन/फेक्स न. 0731–2537605, ई–मेल–**dcourtind-mp@nic.in**

## : : निविदा शर्तें : :

1– सील बंद निविदायें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इंदौर के नाम से दिनांक 31.05.2024 को सायं 05:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। उक्त निविदा दिनांक 01.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे निविदाकर्ताओं के समक्ष जिला न्यायालय में गठित निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।

2– जिस सामग्री के संबंध में निविदा प्रस्तुत की जा रही है, उसका नाम निविदा फार्म पर स्पष्ट लिखा जावे।

3– नियत दिनांक एवं समय के पश्चात् निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावेगा।

4– आदेश अनुसार सामग्री न्यायालय तक पहुंचाए जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

5– प्रधान जिला न्यायाधीश इंदौर को यह अधिकार होगा कि निविदा खोलते समय यदि किसी सामग्री की दर अन्य निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरों से अपेक्षाकृत कम है तो ऐसी स्थिति में दरों के आधार पर एक से अधिक निविदाकर्ताओं से पृथक पृथक अनुबंध किया जा सकता है एवं बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त कर सकते है।

6– निविदा में प्रत्येक सामग्री किस कंपनी द्वारा निर्मित है, सामग्री का साईज नाप, तौल आदि निविदा में अंकित करना अनिवार्य है।

7– निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर व सील होना आवश्यक है।

8– निविदाकार द्वारा दी गई सूची की सामग्री आवश्यकतानुसार स्वीकृत दर एवं मात्रा पर प्रदाय करने हेतु निर्धारित तिथि तक बाध्य होगा।

9– प्रदाय की गई कोई भी सामग्री चाही गई कंपनी की न होने पर अथवा उससे निम्न स्तर की होने की दशा में ऐसी सामग्री निविदाकार को अपने व्यय पर वापस उठाना होगा तथा कंपनी के अनुसार सामग्री अतिशीघ्र प्रदाय करनी होगी।

10– निविदा मे प्रत्येक सामग्री का स्पष्ट विवरण होना चाहिए, एवं प्रत्येक सामग्री का सेम्पल होना चाहिए, जो सेम्पल प्रस्तुत नही करेगा, उसकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

11– निविदा से सम्बंधित शर्ते एवं प्रदाय किए जाने वाले सामान की सूची उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की वेबसाईट www.mphc.gov.in एवं जिला न्यायालय इन्दौर की वेबसाईट www.districts.ecourts.gov.in/indore से डाउनलोड किया जा सकता है।

12– निविदा आवेदन पत्र मय शर्तो एवं सामग्री सूची तथा राशि 250/– ऑनलाईन के माध्यम से शासन का हैड '0070–01–800–0000' मे जमा कर चालान की मूलप्रति प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर के नाम से प्रस्तुत की जायेगी तथा राशि 250/– किसी भी स्थिति मे वापसी योग्य नही होगी।

13– सामग्री का आदेश प्राप्त होने पर सामग्री निर्धारित अवधि मे प्रदाय करनी होगी।

14– निविदा की दरें अनुबंध दिनांक से **केवल 03 माह तक** के लिए मान्य होगी एवं अनुबंध आपसी समझौते पर और विक्रेता के संतोषजनक प्रदर्शन की अधीन अनुमोदित दरों पर आगामी तीन माह ओर के लिए बढ़ाया जा सकता है।

15– निविदाकार, वाणिज्यकर/जीएसटी पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है स्पष्ट करें।

16– लेखन सामग्री की सूची के अनुसार जिन सामग्रियों के निर्माता कंपनीयों के नाम अंकित है, केवल उन्हीं कंपनियों के सामग्री की दर देवें। अन्यथा मान्य नहीं होगी।

17– निविदाकारों को सुरक्षा निधि के रूप में 25000/–(अक्षरी रूपये पच्चीस हजार मात्र) की ईएमडी/डी.डी./एफडीआर के रूप में निविदा के साथ जमा करनी होगी, जो कि 31 अगस्त 2024 तक वैध हो। एफडीआर/डी.डी. के अतिरिक्त कोई भी ईएमडी जमा करने पर निविदाकरों की निविदा निरस्त की जा सकती है।

18– सभी लेखन सामग्री के ब्रान्डेड/नॉन ब्रॉडेंड के नमूने निविदा खोली जाते समय निविदा समिति द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।

19– किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंदौर को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर जी जाएगी।

20– शासन द्वारा लागू जीएसटी की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

21– सम्पूर्ण सामग्री की दरें समस्त करों सहित दी जाये।

22– **<u>वित्तीय/तकनीकी लिफाफे–</u>** निविदाकर्ता पृथक–पृथक वित्तीय, तकनीकी एवं ईएमडी की राशि वाले लिफाफे तैयार कर उन पर वित्तीय, तकनीकी विड, ईएमडी लेख करते हुए उक्त तीनों लिफाफों को चौथे लिफाफें में मुहरबंद कर निविदा प्रस्तुत की जाएगी।

23– निविदा खोली जाते समय सर्वप्रथम तकनीकी विड एवं ईएमडी की राशि के लिफाफे खोले जाएंगे जिस निविदाकर्ता द्वारा ईएमडी की राशि एवं तकनीकी विड से संबंधित चाहे गए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाएंगे उन निविदाकर्ताओं की निविदा पर वित्तीय विड के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी विड में सफल निविदाकर्ताओं के ही वित्तीय पेड के लिफाफे खोले जाएंगे।

24– निविदा द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी गई है, 03 माह तक के लिए यथावत रहेगी निविदाकारों द्वारा किसी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

25– निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु ग्रन्थपाल, ग्रन्थालय अनुभाग, इंदौर के मोबाईल नंबर 9826375471 पर संपर्क किया जा सकता है।

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला इंदौर(म.प्र.)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता:–

# परिशिष्ट–ए
## लेखन सामग्री सूची

| क्र. | सामग्री | कंपनी का नाम | साइज | दर प्रतिनग | जी.एस.टी दर | दर जी.एस. टी. सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फोटोकॉपी पेपर | JK | A-4,70 GSM | | | |
| 2 | फोटोकॉपी पेपर | JK | legal,70 GSM | | | |
| 3 | फोटोकॉपी पेपर | JK | legal,75 GSM (Red) | | | |
| 4 | जजमेंट पेपर ग्रीन | JK | Legal 8.5x13.5, 90 GSM | | | |
| 5 | जजमेंट पेपर ग्रीन | jk | A4 साईज 90 GSM | | | |
| 6 | आलपिन | Delux/GEM | Delux | | | |
| 7 | स्टेपलर पिन बड़ी | Kangaroo | Big Kangaroo | | | |
| 8 | स्टेपलर पिन छोटी | Kangaroo | Small Kangaroo | | | |
| 9 | फाईल लैस | | 9x24 | | | |
| 10 | लिफाफे सफेद | Onient | 11x5 -80 GSM | | | |
| 11 | लिफाफे सफेद | Onient | 9x4 - 80 GSM | | | |
| 12 | पेड इंक | Supreme/Royal | 100ml | | | |
| 13 | स्टेम्प पेड | Supreme Medium | Medium size 11.6cmx6.5cn | | | |
| 14 | स्टेम्प पेड | /supreme | (Large) Big size 97x160mm | | | |
| 15 | पैंसिल काली | Natraj | Natraj | | | |
| 16 | पैंसिल लाल एवं नीली | Natraj | Natraj | | | |
| 17 | रजिस्टर–4 दस्ते | | 4 **दस्ते** | | | |
| 18 | रजिस्टर 06 दस्ते | | 8.5x13.5 | | | |
| 19 | रजिस्टर 02 दस्ते | | | | | |
| 20 | सेलो टेप | Wonder | 1 inch | | | |
| 21 | सेलो टेप | Wonder | 3 inch | | | |
| 22 | सेलो टेप | Wonder | 0.5 inch | | | |
| 23 | टैग | Best Quality | 8" | | | |
| 24 | टाइप पेपर सफेद | Orient Paper Mill | 8x13.5 | | | |
| 25 | टोंचा (बड़ा) | National/ cocacola ice pick | लकड़ी | | | |
| 26 | व्हाइटनर शीशी | Kores | | | | |
| 27 | पेपर वेट | Kebica | Midium Size | | | |
| 28 | गम बॉटल | Mohini/camlin | 100 ML | | | |
| 29 | पिन कुशन | Premier | -- | | | |
| 30 | फलेग स्लीप | Desmate | -- | | | |
| 31 | स्टेनो बुक (200 पृष्ठ) | JK | -- | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | चपडी | Vikas/National | 400 gm | | | |
| 33 | कार्बन | Kores/Camlin | 8x13.5 Black | | | |
| 34 | केलक्यूलेटर | Casio | 12 Digit | | | |
| 35 | फाईल पेड लेस युक्त | | 10X15 | | | |
| 36 | स्टेपलर बड़ा | Kangaroo | Kangaroo HD 45 376224 | | | |
| 37 | स्टेपलर छोटा | Kangaroo | 10 No. plastic body | | | |
| 38 | स्टेपलर स्टील बड़ा | Kangaroo | Kangaroo HD 45 PAT NO. 170767 | | | |
| 39 | टेबिल ग्लास | | 3.5x2.5, 8mm | | | |
| 40 | टेबिल ग्लास | | 2x2.5 8mm | | | |
| 41 | माक्रर पेन | Reynold/Rorito | -- | | | |
| 42 | पेन स्टैण्ड | Best Quality | Standard size | | | |
| 43 | हाईलाइटर पेन | Kores | Luxor highlighter-- | | | |
| 44 | लिफाफे पीले केनवास | ML Make | (लीगल साइज) 10x12 | | | |
| 45 | लिफाफे पीले केनवास | ML Make | (ए–4 साइज) | | | |
| 46 | लिफाफे पीले लेमिनेशन वाला | ML Make | Big size 12x16 | | | |
| 47 | रजिस्टर | | 2 दस्ते | | | |
| 48 | स्पंच डंपर | Kisaan | डिब्बी | | | |
| 49 | क्राफ्ट पेपर | | भूरा 36x46 | | | |
| 50 | कैची (बड़ी) प्लास्टिक के हत्थे वाली | Kargawo | Midium size | | | |
| 51 | कटर | Kayo Make | large | | | |
| 52 | सेलो टैप डिस्पेंसर | Best Quality | | | | |
| 53 | मुद्देमाल हेतु कपड़ा (लट्ठा) | | | | | |
| 54 | मुद्देमाल हेतु प्लास्टिक के डिब्बे (पांच साइज में) | | 15x6.5<br>12x3<br>5x3<br>6x4<br>7.5x5 | | | |
| 55 | फाईल फोल्डर (छोटे व बड़े) | स्टेंडर्ड साईज | Legal or A-4 size | | | |
| 56 | फाईल कवर | 9X14 | 01 सेट (02 नग प्रति सेट) मय रिपिट | | | |
| 57 | डाक पंजी | मय प्रिंटिग व इस साईज के अन्य रजिस्टर | 81/4x111/2 (100 पृष्ठ) 70 GSM | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 58 | गिरफ्तारी वारंट | 60 GSM मय प्रिंटिग व इस साईज के अन्य फार्मस | 5 3/4x8 1/4 ( प्रति हजार) | | | |
| 59 | आदेश पत्रिका | मय प्रिंटिग व इस साईज के अन्य प्रपत्र | A-4 ( प्रति हजार) 70 GSM | | | |
| 60 | फाईन ए रजिस्टर | मय प्रिंटिग व इस साईज के अन्य रजिस्टर | $11^{1/2}$x17 cm | | | |
| 61 | वक्र टिकिट रजिस्टर | 70 GSM मय प्रिंटिग व इस साईज के अन्य रजिस्टर | Size 17x9 cm | | | |
| 62 | स्टेशन डिलीवरी छोटी डाक बुक | 60 GSM मय प्रिंटिग | Size 8.25x5.75 | | | |
| 63 | कॉपिंग का रजिस्टर II-68 | 60 GSM मय प्रिंटिग व इस साईज के अन्य रजिस्टर | Size 12x9 cm | | | |
| 64 | यूज एंड थ्रो बॉल पेन | | | | | |
| 65 | स्पायरल डायरी | 50 पेज की | | | | |
| 66 | फोर फोल्ड फोल्डर | लीगल साईज एवं ए4 साईज | | | | |
| 67 | रबर सील (लकडी की) | प्रत्येक लाईन रेट | | | | |
| 68 | रबर सील(गोल लकडी की) | रेट | | | | |

टीप :–

1. उपरोक्त तालिका में जिन लेखन सामग्री की कम्पनी का नाम दर्शित है, उन्हीं कम्पनी की सामग्री की दर निविदाकर्ता प्रस्तुत करे एवं जिन लेखन सामग्री की कम्पनी का नाम दर्शित नहीं है, उनमें निविदाकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री की कम्पनी का नाम दर्शित किया जावे।

वास्ते–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला इंदौर(म.प्र.)

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता :–

## परिशिष्ट–बी
## तकनीकी विड में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज

| क्रमांक | दस्तावेजों का विवरण | रिमार्क |
|---|---|---|
| 1 | वित्तीय, तकनीकी विड एवं ईएमडी/डी.डी./एफडीआर के अलग अलग लिफाफे | |
| 2 | ईएमडी/डी.डी./एफडीआर की राशि .................... | |
| 3 | पेन नंबर | |
| 4 | आयकर विवरण | |
| 5 | जीएसटी रजिस्ट्रेशन | |
| 6 | चालान जमा की रसीद राशि 250/– | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम एवं पता :–